एच.एस.सी.सी

HSCC

A Miniratna Co.

एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड

(एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड की एक सहायक)

(भारत सरकार का उद्यम)

35 वीं

वार्षिक रिपोर्ट

2017-18

35वीं वार्षिक सामान्य बैठक (ए.जी.एम.)

35वीं वार्षिक आम सभा की अध्यक्षता 31 दिसंबर 2018 को श्री ज्ञानेश पाण्डेय ने की

श्री जगत प्रकाश नड्डा
माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य
एवं
परिवार कल्याण मंत्री

श्री अश्विनी कुमार चौबे
माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य
एवं
परिवार कल्याण राज्य–मंत्री

श्रीमती अनुप्रिया पटेल
माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य
एवं
परिवार कल्याण राज्य–मंत्री

श्रीमती प्रीति सुदान
माननीय सचिव
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

निदेशक मंडल

श्री ज्ञानेश पाण्डेय
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

श्रीमती विजया श्रीवास्तव
विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

श्री नवदीप रिनवा
संयुक्त सचिव
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

श्री एस. के. जैन
निदेशक (इंजीरियरिंग)

विषय–सूची

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की ओर से 01

दृष्टि, लक्ष्य, कॉरपोरेट मूल्यांकन तथा कॉरपोरेट गुणवत्ता नीति 03

सेवा वर्णक्रम 04

शेयर धारकों को सूचना 05

कार्य निष्पादन पर एक नजर 07

वित्तीय सारांश 08

निदेशक मंडल की रिपोर्ट 09

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां 25

सचिवालय लेखा–परीक्षक की रिपोर्ट 31

स्वतंत्र लेखा–परीक्षकों की रिपोर्ट 41

31.03.2017 को तुलन–पत्र 50

31.03.2017 को समाप्त वर्ष का लाभ एवं हानि लेखा 51

31.03.2017 को समाप्त वर्ष का नकद प्रवाह विवरण 52

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां (टिप्पणी संख्या –1) 53

टिप्पणी संख्या 2–19 57

वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां (टिप्पणी संख्या –20)..... 64

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की ओर से

प्रिय अंशधारकों,

एचएससीसी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की ओर से, मुझे आपकी कम्पनी की 35वीं वार्षिक आम–सभा बैठक (एजीएम) में आप सभी का स्वागत करते हुये बेहद खुशी हो रही है। आज इस अवसर पर आपके आगमन तथा वर्ष के दौरान कम्पनी को आपके अभूतपूर्व सहयोग और समर्थन के लिये मैं आप सभी का शुक्रिया अदा करता हूँ।

वर्ष 2017–18 की डायरेक्टर्स रिपोर्ट तथा वार्षिक लेखा–परीक्षक खाते पहले से ही आपके पास हैं तथा आपकी अनुमति से मैं इन्हें पढ़ने की आज्ञा चाहूँगा।

उपलब्धियों की समीक्षा

जैसा कि आपने वार्षिक रिपोर्ट में देखा होगा, वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान, हमने विकास की तर्ज पर तेजी से उन्नति करते हुये कॉरपोरेट रणनीति एवं गुणवत्ता के उच्चतम मानकों पर रहकर एक और वर्ष पूरा कर लिया है जो कम्पनी के शानदार वित्तीय परिणाम एवं उसकी मजबूत स्थिति को दर्शाते हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि विशेषरूप से जब अर्थव्यवस्था में जबरदस्त मंदी और मुद्रास्फीति में अधिकतम गिरावट तथा व्यापार जगत में चुनौतीपूर्ण माहौल के बावजूद कम्पनी ने बेहतरीन प्रदर्शन करके यह उपलब्धि हासिल की है।

मुझे आपको सूचित करते हुये खुशी हो रही है कि 31 मार्च, 2018 की समाप्ति तक आपकी कम्पनी ने प्रभावोत्पादक कार्य निष्पादन किया है।

मुझे शेयरधारकों को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान, कुल आय रु. 1612.20 करोड़ तक पहुंच गई है, जो पिछले वर्ष में रु. 1619.25 करोड़ थी। कंपनी ने पिछले वर्ष के रु. 79.35 करोड़ की तुलना में इस वर्ष रु. 96.26 करोड़ का परामर्श शुल्क अर्जित किया, जिसके परिणामस्वरूप इसमें 21.31 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो भारत में औसत औद्योगिक विकास से अधिक है।

कम्पनी ने कर पूर्व लाभ रूपये 58.22 करोड़ अर्जित किये गये हैं जो गत वर्ष में रूपये 56.16 करोड़ रूपये थी। इस प्रकार, कंपनी ने वर्ष 2017–18 के लिए कर–पूर्व लाभों में 3.67 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। कम्पनी ने कर पश्चात लाभ रूपये 37.47 करोड़ रूपये अर्जित किये हैं जो गत वर्ष में रूपये 37.61 करोड़ रूपये थे।

आपके सहयोग द्वारा, आपकी कम्पनी ने सर्वश्रेष्ठ कार्य किया है जिसकी बदौलत एचएससीसी भारत में ऊंचाईयों की ओर अग्रसर होकर तेजी बढ़ने वाले पीएसयू का दर्जा हासिल किया है।

मुझे यह बताते हुये खुशी हो रही है कि कम्पनी ने वर्ष 2017–18 में वर्तमान वर्ष के लाभ से प्रदत्त शेयर पूंजी (पेड–अप कैपिटल) का 624.44% जोकि रुपये 11.28 करोड़ है, का लाभांश घोषित किया है। लाभांश घोषित करने के लिये कम्पनी का यह लगातार 34वां वर्ष है। इस वर्ष के लाभांश का भुगतान करने पर, भारत सरकार को भुगतान किया गया कुल संचयी लाभांश रूपये 79.33 करोड़ होगा जोकि कम्पनी की चुकता इक्विटी पूंजी के 44 गुणा होगा।

शेयरों की वापस–खरीदी

निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) के कार्यालय ज्ञापन तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से अनुमोदन के अनुसार, कंपनी ने भारत के राष्ट्रपति से 25 प्रतिशत पूर्ण तौर पर भुगतानित इक्विटी शेयर पूंजी की वापस–खरीदी को प्रक्रियागत किया था अर्थात रु.100 प्रत्येक के 60,004 इक्विटी शेयरों की वापस–खरीदी जो कि रु.8259 प्रत्येक की कीमत पर थे। कंपनी ने रु. 49.56 करोड़ की राशि वापस–खरीदी प्रक्रियाओं के तहत भारत सरकार को वापस किया है।

मिनी रत्न स्थिति

वर्ष सितंबर 2002 में मिनी रत्न श्रेणी–II के रूप में आंके गये पीएसयू से बदल कर दिनांक 31.12.2015 से एच एस सी सी ने मिनी रत्न श्रेणी–I के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम का दर्जा हासिल कर लिया है।

एमओयू

शीर्ष प्रबंधन लगातार लागत नियंत्रण, संसाधनों और सिस्ट में सुधार के अधिकतम उपयोग करके रणनीतिक हस्तक्षेप के माध्यम से कारोबार में निरंतर वृद्धि के साथ–साथ कर–पूर्व लाभ प्राप्त करने के लिये प्रयास कर रहा है। कम्पनी ने वर्ष 2016–17 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम विभाग (डीपीई) के दिशा–निर्देशों के अनुसार हस्ताक्षर करके समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत '' बहुत अच्छा '' का दर्जा हासिल किया है। इसके अलावा, परिणामों के आधार पर वर्ष 2017–18 के दौरान, कम्पनी को समझौता ज्ञापन (एमओयू) के मूल्यांकन के अनुसार '' बहुत अच्छा '' रेटिंग प्राप्त करने की उम्मीद है।

कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी

चूंकि कम्पनी की समस्त गतिविधियां स्वास्थ्य संबंधी देखभाल के क्षेत्रों से जुड़ी हैं अतः अपनी सभी गतिविधियों और कार्यों में परोक्ष रूप से सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति समर्पित है।

वर्ष 2017–18 के दौरान, एच एस सी सी ने कुल रु. 144.12 लाख का योगदान कार्पोरेट सामाजिक दायित्वों में दिया है। कंपनी ने रु. 94.12 लाख की राशि स्वच्छ गंगा निधि में गंगा नदी के नदी विकास एवं जीर्णोद्धार हेतु योगदान दिया है। एच एस सी सी ने हरियाणा में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAI) ने साई केन्द्र के लिये 50 लाख रूपये का अंशदान किया है।

विश्व–व्यापी कारोबार

आपकी कम्पनी ने सार्क–समूह के देशों में विदेश मंत्रालय के माध्यम से विदेशों में भी व्यापारिक अवसरों को प्राप्त करने में सफलता हासिल की है।

वृद्धि पर दृष्टि

भारत और ओवरसीज देशों में स्वास्थ्य क्षेत्रों में मूल्य–वर्धित, अभिनव और एकीकृत सेवाएं प्रदान करने वाली विभिन्न सेवाएं, अन्य बुनियादी ढ़ांचा परियोजनाओं में अपनी कोर क्षमता का लाभ एवं अपने पेशेवर कर्मचारियों को एक बल–वर्द्धक और सक्रिय काम करने का माहौल पैदा करके परामर्शदायी सेवाएं प्रदान करने वाली एक अग्रणी कम्पनी के रूप में जाना जाये।

कम्पनी को विश्व स्तर के परामर्शी संगठन के रूप में विकसित होने के लिए अपने समस्त प्रचालन क्षेत्रों में विविधीकरण एवं रख–रखाव सेवाओं का विस्तार करके ग्राहक की आधारभूत आवश्यकता को मान्यता देना।

निगमित प्रशासन

कम्पनी के समस्त प्रदर्शन में व्यापार के नैतिक आचरण को बढ़ावा देने के क्रम में अपने व्यवहार में पारदर्शिता और देश के कानूनों और नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है, जैस : देख–रेख, पारदर्शिता, अखंडता, व्यावसायिकता, जवाबदेही तथा उचित प्रकटीकरण के पहलू।

अभिस्वीकृति

अन्त में, निदेशक मण्डल तथा स्वयं अपनी ओर से, मैं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, विदेश मंत्रालय तथा हमारे सभी सम्मानीय हित–धारकों को धन्यवाद देता हूँ जिनका कम्पनी पर निरन्तर विश्वास बना हुआ हैं तथा जो हमारे प्रेरणा–स्रोत हैं। मैं अपने सभी सम्मानीय शेयर–धारकों को धन्यवाद देता हूँ जिनका बहुमूल्य समर्थन, मार्ग–दर्शन एवं सहयोग हमें निरन्तर मिलता रहा है और जो सदैव हमारे शक्ति–स्रोत रहे हैं।

मैं कम्पनी के मूल्यवान ग्राहक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, आयुष मंत्रालय, एम्स, पीजीआई, चंडीगढ़ सरकार, मॉरीशस सरकार, पंजाब तथा हरियाणा सरकार, केरल सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, छत्तीसगढ़ सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार तथा अन्य बिजनेस एसोसिएट्स द्वारा उनके निरन्तर समर्थन और विश्वास के लिए शुक्रिया अदा करता हूँ। कम्पनी का ध्यान हमेशा की तरह ग्राहकों की संतुष्टि पर केंद्रित रहेगा।

मैं भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी), सांविधिक लेखा परीक्षकों तथा आंतरिक लेखा परीक्षकों को भी उनके मूल्यवान सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूँ।

मैं कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा उनके सभी स्तरों पर कठिन परिश्रम, प्रतिबद्धता और निरन्तर प्रयासों के लिये सराहना करता हूँ।

आपके द्वारा मुझे दिये गये इस सहयोग और समर्थन के लिये मैं आपसे वादा करता हूँ कि आपकी कम्पनी सफलता की नई बुलंदियों को छुयेगी।

धन्यवाद,

हस्ता./–
(ज्ञानेश पाण्डेय)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान :– नई दिल्ली
तिथि :– 31.12.2018

दृष्टि, लक्ष्य, कॉरपोरेट मूल्यांकन और कॉरपोरेट गुणवत्ता नीति

दृष्टि

'' भारत एवं ओवरसीज देशों में हैल्थकेयर से जुड़ी मूल्य–वर्द्धित, समन्वित एवं नवीनतम सेवाओं को उपलब्ध करवा कर इसके विद्धान संव्यवसायिक कर्मचारियों के साथ मिलकर विभिन्न इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में बल–वर्द्धक एवं कुशलतम कार्य–संस्कृति का निर्माण करने वाली प्रमुख कम्पनी के रूप में जाना जाये।''

लक्ष्य

'' भारत एवं ओवरसीज देशों में भवनों का निर्माण एवं विकास तथा हैल्थकेयर तथा संबंधित अन्य क्षेत्रों में परामर्शदायी संबंधी सेवाओं तथा व्यापक संकल्पना, प्रोजैक्ट परियोजना, वास्तुविद्ध, इंजीनियरिंग, परियोजना प्रबंधन, प्रापण संबंधित कार्यों के विद्धता–पूर्वक ढ़ांचे को उपलब्ध कराना।''

कॉरपोरेट मूल्यांकन

- ग्राहकों की मूल्यवृद्धि पर विशेष ध्यान देना।
- संगठन के अन्दर सृजनशीलता एवं नवीनता को विकसित करना।
- विद्धता संगठन का सर्जन करना।
- टीम–स्प्रीट को अपनाकर हमारे समस्त कार्यकलापों को समर्थ बनाना।

कॉरपोरेट गुणवत्ता नीति

स्वास्थ्य देखभाल एवं अन्य सामाजिक क्षेत्रों में निरंतर परामर्शी सेवाएं प्रदान करके नेतृत्व और ग्राहक के प्रति विश्वास की भावना बनाए रखना ।

सेवा–वर्णक्रम

संकल्पनात्मक अध्ययन एवं प्रबंधन परामर्श

- आधारभूत सर्वेक्षण एवं आर्थिक अध्ययन
- जानपदिक सर्वेक्षण
- प्रणाली योजना
- व्यवहार्यता अध्ययन
- पुनर्संरचना / पुनर्गठन अध्ययन
- मूल्यांकन अध्ययन

प्रापण

- औषधियां एवं दवाईयां
- चिकित्सा उपकरण
- अन्य उपकरण
- संचार प्रणाली
- उपकरण
- फर्नीचर एवं जुड़नार

परियोजना प्रबंधन

- ठेकेदारों के चयन सहित परियोजना योजना तथा कार्य प्रदान करना
- परियोजना मॉनिटरिंग
- गुणवत्ता नियंत्रण
- निर्माण पर्यवेक्षण
- संविदा प्रशासन
- वित्तीय नियंत्रण

सूचना तकनीकी प्रणालियां

- स्वास्थ्य एम.आई.एस.
- कार्यप्रणाली समाकलन

सुविधा डिजाइन

- संकल्पनात्मक डिजाइन
- प्रमुख डिजाइन
- वास्तुविद्यात्मक डिजाइन / योजनाएं
- अभियांत्रिक डिजाइन
- उपस्कर योजना
- अपशिष्ट प्रबंधन
- डिजाइन समन्वय

अभियांत्रिक अध्ययन

- नवाचार / पुर्नवास
- आधुनिकीकरण / उन्नयन
- विस्तार
- उत्पादकता / कार्यक्षमता सुधार

लॉजिस्टीक्स एवं स्थापना

- परिवहन
- समाशोधन एवं अग्रेषण
- साईट वितरण
- अधिष्ठापन
- जांचना एवं चालू करना
- प्रशिक्षण

नए क्षेत्र (विविधता)

• इंजीनियरिंग और अनुरक्षण की सुविधाएं
• पशुओं के टीकों के उत्पादन की सुविधाएं
• दवाओं के उत्पादन की सुविधाएं
• विदेशों में मेडिकल पेशेवरों के प्रशिक्षण
• जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान एवं विकास संस्थानों का विकास
• अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में नए विकास की परियोजनाएं

सूचना

यह इसके द्वारा **एच एस सी सी (इंडिया) लिमिटेड के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि निम्न संबंधित गतिविधियों के सम्बन्ध में सोमवार, दोपहर 3.00 बजे, दिसम्बर 31, 2018 को एन बी सी सी भवन, लोधी रोड़, नई दिल्ली–110003 में कम्पनी की 35वीं वार्षिक सामान्य बैठक का आयोजन किया जा रहा है:–**

सामान्य व्यापार

1. दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए निदेशक मंडल और लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के साथ कंपनी के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों को प्राप्त करने, उन पर विचार करने और अपनाने के लिए।
2. वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए अंतिम लाभांश घोषित करने के लिए:
3. वित्त वर्ष 2018–19 के लिए कंपनी के लेखों के लेखापरीक्षा के लिए भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों के पारिश्रमिक को निर्धारित करने के लिए निदेशक मंडल को अधिकृत करना।

   इस संबंध में निम्नलिखित प्रस्तावों के साथ या इसके बगैर संशोधन एक साधारण संकल्प के रूप में के इसे पारित करने के लिए:

   ''**यह संकल्प लिया जाता है** कि कंपनी के निदेशक मंडल को एतद वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों के पारिश्रमिक द्वारा निर्धारित अनुसार पारिश्रमिक को निश्चित करने और निर्धारित करने के लिए अधिकृत किया गया है, और इसके लिए जैसा भी उचित समझा जाए।''

एच एस सी सी (इंडिया) लिमिटेड के
लिए बोर्ड की ओर से आदेश

हस्ता.
(सौरभ श्रीवास्तव)
मुख्य महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28 दिसंबर, 2018

टिप्पणियां

1. बैठक में भाग लेने और वोट देने के हकदार सदस्य को स्वयं के बजाय वोट देने के लिए एक प्रॉक्सी नियुक्त करने का हकदार है और यह प्रॉक्सी कंपनी के सदस्य होने की आवश्यकता नहीं है। कंपनी द्वारा जारी आदेश के अनुसार इस हेतु नियुक्त प्रनिनिधि या प्रॉक्सी आदेश में लागू होने वाली प्रक्रिया के लिए, बैठक आरंभ होने से कम से कम 48 घंटे से पहले कंपनी द्वारा प्राप्त होना चाहिए (संपत्ति का प्रारूप अनुलग्नक के तौर पर)।

2. कोई व्यक्ति जिसकी आयु पचास (50) वर्ष से अधिक नहीं है, सदस्यों की ओर से प्रॉक्सी के रूप में कार्य कर सकता है, और जिसके पास मतदान का अधिकार हो और वह कुल मिलाकर कंपनी के कुल शेयर पूंजी का दस प्रतिशत से अधिक धारण नहीं करता हो। मतदान का अधिकार रखने के साथ कोई व्यक्ति जिसके पास कंपनी की कुल शेयर पूंजी का दस प्रतिशत से अधिक शेयर का धारण करता हो, वह किसी एक व्यक्ति को प्रॉक्सी के रूप में नियुक्त कर सकता है, और ऐसा व्यक्ति किसी अन्य सदस्य के लिए प्रौक्सी के रूप में कार्य नहीं करेगा। लिमिटेड कंपनियों, सोसायटियों, आदि की ओर से प्रस्तुत प्रॉक्सियों को एक उपयुक्त संकल्प/प्राधिकार द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। बैठक में भाग लेने के दौरान प्रौक्सी धारक अपनी पहचान साबित करेगा।

3. बैठक में कार्यवाही करने के लिए विशेष व्यवसाय से संबंधित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102(1) के प्रावधानों के अनुसार दिए गए कथन/विवरण को एतद् संलग्न किया गया है।

4. वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए कंपनी के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए, निदेशक मंडल ने कंपनी के भुगतानित इक्विटी शेयर कैपिटल के लाभांश की / 624.44 प्रतिशत की सिफारिश की है, जिसकी राशि रु.11.24 करोड़ है। यह वार्षिक आम बैठक में सदस्यों द्वारा अनुमोदन की शर्त के आधार पर होगा।

5. इक्विटी शेयरों पर लाभांश के लिए पात्रता निर्धारित करने हेतु शेयरधारकों के नाम का निर्धारण करने की रिकार्ड तिथि, यदि यह वार्षिक आम बैठक में घोषित की गई है, वह 28 दिसंबर, 2018 है।

6. उपस्थिति पर्ची और प्रोक्सी फार्म को एतद् संलग्न किया गया है।

7. सरकारी कंपनी के लेखा परीक्षकों को भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सी एण्ड ए जी) द्वारा नियुक्त या पुनर्नियुक्त किया जाना है, और उनका पारिश्रमिक कंपनी द्वारा इसकी सामान्य बैठक या इस तरह से तय किया जाना है, जैसा कि सामान्य बैठक में कंपनी द्वारा निर्धारित किए गए हैं। यह प्रस्तावित है कि सदस्य भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त किए गए विधिवत लेखा परीक्षकों हेतु लागू सेवा कर के अलावा उनके पारिश्रमिक को निर्धारित करने और वास्तविक यात्रा तथा जेब–खर्च की प्रतिपूर्ति तय करने के लिए निदेशक मंडल को प्राधिकृत कर सकते हैं।

एच एस सी सी (इंडिया) लिमिटेड के
लिए बोर्ड की ओर से आदेश

हस्ता.
(सौरभ श्रीवास्तव)
मुख्य महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28 दिसंबर, 2018

कार्य निष्पादन पर एक नजर

दिनांक 31.03.2018 को वर्ष की समाप्ति तक एक बार फिर कम्पनी के लेखों की समीक्षा करने पर उत्कृष्ट परिणाम अर्जित करते हुए अधिकतम कारोबार 161220 लाख रूपये तथा कर पश्चात लाभ 3747 लाख रूपये हुआ है।

वर्ष 1983 से कम्पनी अपने अस्तित्व में आयी है जिसकी प्रदत्त शेयर पूँजी 40 लाख रूपये के परिणाम स्वरूप 200 लाख रूपये प्रदत्त शेयर पूँजी से बढ़कर बाद में इसने अपनी आरक्षित एवं सरप्लस पूँजी से 240 लाख रूपये के बोनस जारी किये हैं। वित्तीय वर्ष 2017–18 में, निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) के कार्यालय ज्ञापन तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से अनुमोदन के अनुसार, कंपनी ने भारत के राष्ट्रपति से 25 प्रतिशत पूर्ण तौर पर भुगतानित इक्विटी शेयर पूंजी की वापस–खरीदी को प्रक्रियागत किया था अर्थात रु.100 प्रत्येक के 60,004 इक्विटी शेयरों की वापस–खरीदी जो कि रु. 8259 प्रत्येक की कीमत पर थे। कंपनी ने रु.4955.73 लाख की राशि वापस–खरीदी प्रक्रियाओं के तहत भारत सरकार को वापस किया, जिसके परिणामस्वरूप भुगतानित पूंजी में 180 लाख तक की कमी आई है। दिनांक 31.03.2018 को कम्पनी का नेटवर्थ बढ़कर 17203 लाख रूपये हो गया है।

एचएससीसी के उद्देश्य एवं रणनीति को सकल मूल्य में महत्वपूर्ण तौर पर बढ़ोतरी के लिए डिजाइन किया गया है, जो उच्च राजस्व और मुनाफे के साथ–साथ मजबूत निरंतर निर्बाध नकदी प्रवाह के सृजन को संचालित करता है। इस तरह हम कंपनी के मूल्य में वृद्धि करेंगे, और एक ही समय में एक मजबूत बैलेंस शीट के साथ–साथ शेयरधारकों हेतु आकर्षक लाभांश भी बनाए रखेंगे।

हम अपने ग्राहकों को गुणवत्ता और समय सीमा दोनों को अपनाकर हैल्थककेयर क्षेत्रों में अपनी सर्वश्रेष्ठ, बेहतरीन, नवीनतम सेवाएं निरंतर प्रदान करने के लिये प्रतिबद्ध हैं।

(लाख रुपये में)

विवरण	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
आय	6045	57576	110698	161925	161220
कर पूर्व लाभ	3714	3795	8687	5616	5822
निवल लाभ	3928	2454	5462	3761	3747
निवल मूल्य	**12081**	**13933**	**17422**	**19825**	**17203**
लाभांश	492	492	1638	1128	1124
समझौता ज्ञापन के अधीन कोटि निर्धारण	उत्कृष्ट	बहुत अच्छा	उत्कृष्ट	बहुत अच्छा	बहुत अच्छा (प्रत्याशित)





वित्तीय सारांश

इस दशक के वित्तीय परिणामों पर एक नजर

(राशि लाख रूपये में)

विवरण	08-09	09-10	10-11	11-12	12-13	13-14	14-15	15-16	16-17	17-18
वित्तीय निष्पादन										
प्रदत्त पूंजी	240	240	240	240	240	240	240	240	240	180
आरक्षित एवं सरप्लस	6341	6999	7632	8708	10347	11841	13693	17182	19585	17023
निवल मान	6581	7239	7872	8948	10587	12081	13933	17422	19825	17203
कुल स्थायी परिसम्पत्तियां	675	632	615	600	685	693	649	635	707	706
कार्यशील पूंजी	5811	6440	7117	8568	10200	12053	14165	17519	24083	17188
लगाई गई पूंजी	6581	7072	7731	9168	10885	12746	14814	18154	24790	17895
परिचालन आंकड़े										
परामर्श शुल्क	1936	2097	2311	2929	3380	3919	49004	102180	151116	151311
ब्याज और अन्य आय	1337	1218	1034	1529	2455	2126	8572	8518	10809	9910
कुल आय	3273	3315	3346	4458	5835	6045	57576	110698	161925	161220
व्यय	1696	2002	1993	2048	2203	2287	53782	101948	156236	154462
सकल लाभ	1577	1313	1353	2409	3632	3758	3794	8750	5689	900
मूल्यह्रास	44	39	36	58	32	44	69	63	73	78
कर पूर्व लाभ	1533	1274	1317	2352	3600	3714	3725	8687	5616	5822
कर पश्चात लाभ	970	787	830	1472	2257	2398	2384	5462	3761	3747
कराधान हेतु प्रावधान	563	487	487	880	1343	1316	1341	3225	1855	2075
लाभांश	208	173	173	300	468	492	492	1638	1128	1124
जनशक्ति										
कर्मचारी (संख्या में)	139	135	132	124	123	143	153	162	176	184
(नियमित वेतनमानों पर)										
अनुपात										
पी. बी. टी. / कुल आय (%)	47%	38%	39%	53%	62%	61%	6%	8%	3%	4%
शुद्ध लाभ / आय (%)	30%	24%	25%	33%	39%	40%	4%	5%	2%	2%
निवल लाभ / निवल मान	15%	11%	11%	16%	21%	20%	17%	31%	19%	22%
प्रति कर्मचारी अर्जन	24	25	25	36	47	42	376	683	920	876
प्रति कर्मचारी अर्जन (ई.पी.एस.) (रूपये)	404	328	346	613	940	999	993	2276	1567	2081
प्रति–शेयर बुक–वेल्यू (रूपये)	2742	3016	3280	3728	4411	5034	5805	7259	8260	9555

वर्ष 2018–18 के लिये परामर्श शुल्क में 141685 लाख रूपये के समाप्त कार्यों के मूल्य शामिल है और 9626 लाख रूपये का परामर्श शुल्क शामिल है।

निदेशक मंडल की रिपोर्ट

सेवामें,

अंशधारकों,
एच एस सी सी (इंडिया) लिमिटेड

पंजीकरण तथा अन्य विवरण

i)	सी.आई.एन.	:	यू 74140 डी. एल. 1983 जी. ओ. आई. 015459
ii)	पंजीकरण तिथि	:	30.03.1983
iii)	कम्पनी का नाम	:	एच एस सी सी (इंडिया) लिमिटेड
iv)	श्रेणी	:	सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम
v)	पंजीकृत कार्यालय	:	205, ईस्ट इण्ड प्लाजा, प्लॉट नम्बर 4, डी.डी.ए.– एल.एस.सी. सेन्टर – II, वसुंधरा इन्क्लेव, दिल्ली – 110096
vi)	कॉरपोरेट कार्यालय	:	ई–6(ए), सैक्टर – 1, नौएडा – 201301
vii)	सूचीबद्ध कम्पनी	:	नहीं

परीक्षित लेखों का विवरण

आपके निदेशकों को कम्पनी के कार्यकलापों और प्रचालन से संबंधित 35वीं वार्षिक रिपोर्ट तथा 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लेखा परीक्षित लेखों को प्रस्तुत करते हुए अपार हर्ष हो रहा है।

वित्तीय उपलब्धि

वर्ष 2016–17 के तुलनात्मक आंकड़ों सहित वित्त वर्ष 2017–18 के दौरान कम्पनी की वित्तीय उपलब्धि निम्नानुसार दर्शायी गई है :–

(करोड़ रूपये में)

विवरण	2017-18	2016-17
सकल आय	1612.20	1619.25
सकल व्यय	1553.84	1563.56
सकल लाभ	58.36	55.69
विशिष्ट एवं असाधारण मद	0.14	(0.47)
कर पूर्व लाभ	58.22	56.16
कराधान (निवल)	20.75	18.55
कर पश्चात लाभ	37.47	37.61
लाभांश	11.24	11.28
निवल मूल्य	172.03	198.25
प्रति–शेयर अर्जित (रूपये)	2081.34	1566.95

पूंजीगत ढांचा (Capital Structure)

वर्ष के दौरान समीक्षा करने पर कम्पनी की प्राधिकृत पूंजी 500 लाख रूपये तक स्थिर रही है।

वर्ष की शुरुआत में कंपनी की चुकता पूंजी 240.01 लाख रुपये थी। वर्ष के दौरान, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और निवेश और सरकारी आस्ति प्रबंधन विभाग से अनुमोदन के संदर्भ में, कंपनी ने भारत के राष्ट्रपति से प्रत्येक 8259 रुपये के मूल्य पर 100 रूपये के 60,004 इक्विटी की वापस खरीद की कार्रवाई की। समीक्षाधीन वर्ष के अंत में कंपनी की चुकता पूंजी 180.01 लाख रुपये थी।

लाभांश (Dividend)

वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए कम्पनी के प्रदर्श को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने प्रदत्त शेयरपूंजी पर @624.44% की दर से कम्पनी ने लाभांश के रूप में 11.24 करोड़ रूपये की राशि अनुशंसित की है। यह वार्षिक आम सभा बैठक में सदस्यों के अनुमोदन हेतु विचाराधीन है। इसमें आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा जारी सिफारिशों के अनुसार 30% पूर्व कर लाभ से लाभांश देने की सिफारिश की है। कंपनी निरंतर 34 वर्षों से लाभांश की घोषणा करती आ रही है तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का वर्ष 2017–18 तक संचयी लाभांश 79.33 करोड़ रूपये होगा।

सामान्य आरक्षित निधि का विनियोजन (Appropriation To General Reserve)

लाभांश और आयकर के लिए प्रावधान रखने के बाद निदेशक मण्डल ने लाभ एवं हानि खाते में लिखे शुद्ध लाभ में से 200 लाख रुपये (गत वर्ष 200 लाख रुपये) सामान्य आरक्षित निधि में अंतरित करने की सिफारिश की है। सामान्य रिजर्व से वापस खरीद के प्रयोजनार्थ 60 लाख रुपये का पूंजी मोचन रिजर्व सृजित किया गया था। सरप्लस के अलावा 31.3.2018 तक संचयी सामान्य आरक्षित निधि 170.23 करोड़ रुपये (गत वर्ष 195.85 करोड़ रूपये) हो गयी है।

मंत्रालय / ग्राहकों की ओर से निधि

मंत्रालय / ग्राहकों की ओर से वर्तमान परिसम्पत्तियों तथा वर्तमान देनदारियों के विभिन्न मदों के तहत मानी गई धनराशि का विवरण निम्नलिखित है :–

	मंत्रालय / ग्राहकों की ओर से	**31.03.2018 के अनुसार**	**31.03.2017 के अनुसार**
क.	**वर्तमान परिसम्पत्तियां** (Current Assets)	**रूपये करोड़ में**	**रूपये करोड़ में**
	– नकद एवं नकद समकक्ष	2083.22	1424.80
	– अल्पावधि ऋण एवं अग्रिम	273.91	195.43
	– अन्य वर्तमान परिसम्पत्तियां	352.29	383.45
		2709.42	**2003.68**
ख.	**वर्तमान देनदारियां (Current Liabilities)**		
	– अन्य वर्तमान देनदारियां	**2709.42**	**2003.68**

निष्पादन विशेषताएं (Performance Highlights)

कम्पनी अपने समस्त कार्यकलापों एवं गतिविधियों में निरन्तर प्रगति कर रही है। अपनी सेवाओं को विस्तृत करने हेतु कम्पनी द्वारा विभिन्न कारगर कदम उठाये जा रहे हैं। कम्पनी द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न तकनीकी सेवाओं के इस्तेमाल के लिये तकनीकी क्षेत्रों में उच्च डिग्री प्राप्त कुछेक विशेषज्ञ और परामर्शदाताओं की सेवाएं ली जा रही हैं।

वर्ष 2017–18 के दौरान, कम्पनी को कुछेक प्रतिष्ठित एवं चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं के लिए परामर्शी सेवाएं प्रदान करने तथा साथ ही डिजाइन एवं इंजीनियरिंग, परियोजना प्रबंधन तथा चिकित्सा उपकरणों, दवाइयों एवं औषधि इत्यादि का भी काम मिला।

वर्ष 2017–18 के दौरान, एचएससीसी ने 1612.20 करोड़ रूपये के कुल कारोबार पर 172.03 करोड़ का शुद्ध लाभ प्राप्त किया है।

एचएससीसी इस समय जिन प्रमुख परियोजनाओं में अपनी परामर्श सेवाएं प्रदान कर रहा है, उसकी सूची **अनुलग्नक – I** दर्शायी गई है।

समझौता – ज्ञापन (Memorandum of Understanding)

कम्पनी पिछले एक दशक से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन (डव्) पर हस्ताक्षर करती आ रही है। कम्पनी को अच्छे परिणामों के लिए वर्ष 2016–17 हेतु सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा '' बहुत अच्छा '' आंका गया है तथा वर्ष 2017–18 के दौरान इसे **''बहुत अच्छा ''** किये जाने की प्रत्याशा है।

रणनीतिक विनिवेश (Strategic Disinvestment)

निवेश एवं सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (DIPAM) के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार कम्पनी समान रूप से सीपीएसई (CPSE) के साथ विनिवेश रणनीति प्रक्रिया में लगी है। एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड – एनबीसीसी को एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के 100% रणनीतिक विनिवेश के लिये खरीददार के रूप में चुना गया है। निम्नलिखित शर्तों के आधार पर एनबीसीसी को निवेश एवं सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (DIPAM) द्वारा पत्र जारी किया गया है :–

1. भारत सरकार की मौजूदा 100% पेड–अप इक्विटी शेयर पूंजी एचएससीसी की बिक्री के प्रबंधन के हस्तांतरण के साथ–साथ एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत भारतीय रूपये 285 करोड़ रूपये की मूल्य बोली की स्वीकृति की गई है।

2. अंतिम साझा खरीद समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिये भारत के राष्ट्रपति की ओर से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को अधिकृत किया गया है।

3. एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड को छूट, बोली लगाने वाले के सरकारी कम्पनी ख्कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(45) के तहत सुरक्षा क्लीयरेंस प्राप्त करने की आवश्यकता से उच्चतर बोली लगाने वाले को मिलेगी।,

4. उपर्युक्त निर्णय के मददेनजर, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से अनुरोध है कि वह मैसर्स एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड को निर्देश जारी करे कि वह हस्तक्षेप के समय में एनबीसीसी की सहमति लें; जब तक एचएससीसी का प्रबंधन नियंत्रण कम्पनी के परिचालन और वित्तीय परिचालनों को प्रभावित करने वाले निर्णय के संबंध में एनबीसीसी को हस्तांतरित नहीं किया जाता है।

दिनांक 06.11.2018 को शेयरों की खरीद के लिये सहमति हस्ताक्षरित की गई है। अन्य आवश्यक गतिविधियाँ प्रक्रिया में हैं।

शेयरों की पूर्व खरीदारी (Buy Back of Shares)

निवेश और सरकारी आस्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) के कार्यालय ज्ञापन और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से अनुमोदन के अनुसार, कंपनी ने भारत के राष्ट्रपति से 25% पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर पूंजी अर्थात प्रत्येक 8259 रूपये के मूल्य पर प्रत्येक 100 रूपये के 60,004 इक्विटी की वापस खरीद की कार्रवाई की। कंपनी ने वापस खरीद की प्राप्तियों के लिए भारत सरकार को 4955.73 लाख रुपये को मोचन किया।

ऊर्जा, प्रोद्योगिकी के विस्तार और विदेश में प्रवेश और बाहर निकलने की अवधारणा

कम्पनी के संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूक है और यह पहलू प्राकृतिक प्रकाश और प्रकाश और एलईडी प्रतिष्ठानों के अधिकतम उपयोग की वकालत करके अपने ग्राहकों के साथ सहसंबंध में सावधानी बरतता है। कम्पनी ने किसी भी तकनीक का आयात नहीं किया है और समीक्षा के तहत वित्तीय वर्ष के दौरान विदेशी मुद्रा या (आउट–गो) निर्गमन का विवरण निम्नानुसार है:–

(₹ करोड़ में)

	2017–18	2016–17
क. खर्चे (Expenditure)		
– यात्रा	0.12	0.06
– सी.आई.एफ. पूंजीगत माल पर आयात (ग्राहकों की ओर से)	75.86	25.36
ख. आय (Income)	शून्य	शून्य

मानव संसाधन (Human Resources)

एचएससीसी कौशल प्राप्त कम्पनी है तथा जनशक्ति ही इसकी वास्तविक ताकत है किसी भी कम्पनी की वास्तविक सम्पत्ति उसका मानव संसाधन होता है। कंपनी, सक्षम पेशेवरों का दल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसलिए, कंपनी ने अपने मानव संसाधनों के विकास पर फोकस किया है। सभी स्तरों के कर्मचारियों को अपना ज्ञान और कौशल बढ़ाने के पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाते हैं। वर्ष के दौरान, कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिनियुक्त किया गया था कि उनके ज्ञान और कौशल का निरंतर उन्नयन किया जाए। 31 मार्च, 2018 तक, कंपनी के पास 60 अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के कर्मचारियों और शारीरिक विकलांग श्रेणी के 3 कर्मचारियों सहित नियमित वेतनमान पर 184 कर्मचारी और निर्धारित कार्यकाल आधार पर 134 कर्मचारी हैं। वर्षभर कर्मचारी प्रबंधन संबंध उत्कृष्ट रहा।

कल्याण कार्यक्रम (Welfare Activities)

कम्पनी अपने कर्मचारियों को निरन्तर अभिप्रेरित करने के लिए कर्मचारियों एवं उनके परिवार के लिये विभिन्न सामाजिक लाभ मुहैया कराती है।

राजभाषा का अनुपालन एवं कार्यान्वयन (Implementation And Promotion of Official Language)

एचएससीसी में वर्ष 2017–18 के दौरान राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने के संबंध में राजभाषा अधिनियम तथा इन नियमों के तहत भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के सक्रिय प्रयास जारी हैं। कर्मचारियों को अपने दैनिक कार्यों में हिन्दी के कार्यसाधक ज्ञान संबंधी जानकारी हेतु प्रेरित किया जाता है। सभी मानक प्रपत्र, फाईल आदि द्विभाषी रूप में प्रयोग किए जा रहे हैं। हिन्दी में टिप्पण, प्रारूपण और पत्राचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। हिन्दी में उत्साहवर्धक काम करने के उद्देश्य से कम्पनी में 11.09.2017 से 24.09.2017 के दौरान हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया है, जिसके दौरान हिन्दी पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं। इसके अलावा, कम्पनी गृह मंत्रालय, भारत सरकार के तहत नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नोएडा इकाई के सदस्य भी है, जिसके तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं, बैठकों, संगोष्ठियों इत्यादि का प्रतिनिधित्व भी करती है।

सतर्कता (Vigilance)

चूंकि कंपनी, पीएसयू के समूह 'ग' श्रेणी में एक परामर्शदात्री संगठन है, कंपनी में पूर्णकालिक सतर्कता अधिकारी (वीओ) नहीं है। श्री आर.के. अग्रवाल, महाप्रबंधक– परियोजना (इलेक्ट्रिकल) 14.11.14 से सतर्कता अधिकारी (वीओ) अंशकालिक का काम कर रहे हैं। वर्ष के दौरान, सतर्कता प्रकोष्ठ एक महत्वपूर्ण विभाग के रूप में कार्यरत है। सतर्कता आयोग से समय–समय पर प्राप्त होने वाले दिशानिर्देशों का कठोरता से पालन किया जाता है तथा संबंधित निवारक उपायों को अपनाया जाता है तथा वार्षिक रिपोर्ट, तिमाही प्रगति रिपोर्ट निजी विदेशी दौरे मासिक रिपोर्ट तथा सीटीई संबंधित जानकारी एजेंसी को समय पर दे दी जाती है। वर्तमान प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं में अग्रेषित सुधार हेतु उनकी समीक्षा की जाती है तथा कम्पनी के कार्यकलापों में पारदर्शिता बनाये रखने के लिये कारगर कदम उठाये गये हैं। कर्मचारियों में उच्चतम नैतिकता बनाये रखने के लिये कम्पनी में 29 अक्टूबर 2017 से 3 नवंबर 2017 के दौरान **सतर्कता जागरूकता सप्ताह** मनाया गया है। यहां पहले दिन ही कर्मचारियों द्वारा **शपथ गृहण समारोह** का आयोजन किया गया।

जमा (Deposits)

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, आपकी कम्पनी ने कोई जमा स्वीकार नहीं किया है और दिनांक 31.03.2018 की समाप्ति तक कोई मूलधन या ब्याज बकाया नहीं था।

ऋण, गारंटी और निवेश (Loan, Guarantees and Investments)

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के प्रावधान के तहत कवर किये गये किसी भी ऋण, गारंटी और निवेश के लिये कम्पनी ने प्रदान नहीं किया है।

सहायक, संयुक्त उपक्रम और सहायक कम्पनियाँ (Subsidiaries, Joint Ventures and Associate Companies)

कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार, कम्पनी की कोई सहायक कम्पनी, सहयोगी या संयुक्त उद्यम कम्पनी नहीं है।

संबंधित पार्टियों के साथ अनुबंध और तर्क (Contracts and Arrangements with Related Parties)

समीक्षा अवधि के दौरान कोई संबंधित पार्टी लेनदेन नहीं किया गया है।

कर्मचारियों का ब्यौरा (Particulars of Employees)

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के तहत निर्दिष्ट सीमा से अधिक वेतन पाने वाले कर्मचारियों का ब्यौरा प्रकट किया जाता है। कंपनी नियमावली, 1975 के सह–पठित, (समय–समय पर संशोधित), कम्पनी के कर्मचारियों में से काई भी प्रतिवर्ष 102 लाख रूपये या 8.5 लाख रूपये प्रतिमाह के पारिश्रमिक प्राप्ति से अधिक नहीं था।

जोखिम प्रबंधन (Risk Management)

कम्पनी के प्रमुख जोखिमों और अनिश्चितताओं के प्रबंधन और निगरानी के लिये कम्पनी की अपनी जोखिम प्रबंधन नीति है जो कम्पनी के कामकाज को प्रभावित कर सकती है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रक (Internal Financial Control)

कम्पनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली अपने व्यवसाय की प्रकृति और संचालन के आकार और जटिलता के अनुरूप हैं। कम्पनी के पास वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण है।

लेखा परीक्षा समिति (Audit Committee)

कम्पनी ने बोर्ड सदस्यों के साथ ऑडिट कमिटी कागठन किया हुआ है। लेखा परीक्षा समिति द्वारा स्वीकार गई सिफारिशें की बोर्ड द्वारा स्वीकृत हैं।

पारिश्रमिक समिति (Remuneration Committee)

कम्पनी ने बोर्ड के सदस्यों की पारिश्रमिक समिति का गठन किया हुआ है।

औद्योगिक संबंध (Industrial Relations)

वर्ष के दौरान, सामंजस्यपूर्ण औद्योगिक संबंधों को बनाये रखा गया था, जिसके परिणामस्वरूप हड़ताल या श्रम की अशांति के कारण मानव दिनों का कोई नुकसान नहीं हुआ था।

निगमित शासन (Corporate Governance)

आपकी कम्पनी में स्वस्थ निगमित शासन को बनाये रखने के लिए पारदर्शिता, अखण्डता, व्यवसायिकता तथा जवाबदेही पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा निगमित शासन प्रणाली के मार्गदर्शी, सिद्धातानुसार, निगमित शासन प्रणाली की स्थिति को सूचित करते हुए इसे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को भेज दी जाती है। सार्वजनिक उद्यम विभाग जारी निगमित (अभि) शासन हेतु दिशा–निर्देशों के अनुसार, एक ''कॉरपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट'' तथा एक ''प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट'' क्रमशः अनुलग्नक–II और III में दी गई है।

निदेशकों के बोर्ड की संख्या (Number of Meeting of Board of Directors)

वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान, बोर्ड की चार बार बैठक हुई और कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 के निर्धारित समय सीमा के भीतर बोर्ड की बैठक आयोजित की।

निदेशक मंडल (Board of Directors)

निदेशकों की नियुक्ति आदि पर नीति Policy on Directors Appointment etc. : एच एस सी सी चूँकि एक सरकारी कम्पनी है, अतः कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(ई) के प्रावधान कारपोरेट मामले मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिनांक 05.06.2015 की अधिसूचना के मददेनजर लागू नहीं होंगे।

निष्पादन मूल्यांकन Performance Evaluation : एच एस सी सी चूँकि एक सरकारी कम्पनी है, अतः कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(पी) के प्रावधान कारपोरेट मामले मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिनांक 05.06.2015 की अधिसूचना के मददेनजर लागू नहीं होंगे।

(क) वित्तीय वर्ष के दौरान एवं पश्चात् कार्यालय के निम्नलिखित निदेशक नामित / नियुक्त किये गये हैं :–

सुश्री प्रीति पंत – 23.04.2018 से आगे
संयुक्त सचिव
संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

(ख) वित्तीय वर्ष के दौरान एवं पश्चात निम्नलिखित निदेशक कार्यालय छोड़ कर गये हैं :–

श्री नवदीप रिनवा – 16.01.2017 से 23.04.2018 तक
संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

श्री एस के जैन – 16.04.2013 से 16.04.2018 तक
निदेशक (इंजीनियरिंग)

(ग) वर्ष के दौरान निदेशक मण्डल के समीक्षाधीन अवधि में कार्यालय के निम्नलिखित निदेशक थे :–

श्री ज्ञानेश पाण्डेय – 26.07.2012 से आगे
सीएमडी, एच एस सी सी

श्रीमती विजया श्रीवास्तव – 19.02.2015 से आगे
एसएस एंड एफए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

सुश्री प्रीति पंत – 23.04.2018 से आगे
संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

निदेशकों की जिम्मेदारियों का विवरण (Directors' Responsibility Statement)

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के तहत प्रावधानों के अनुसार, एतद्द्वारा आपके निदेशकों की रिपोर्ट निम्नलिखित दी गई है :–

- वार्षिक लेखों को तैयार करने में लागू लेखा मानक को अपनाया गया है।
- कम्पनी में वार्षिक लेखों को तैयार करने में लागू मानक लेखों को अपनाया गया है। कम्नी द्वारा अपनायी गयी लेखाकार नीतियों का लगातार अनुपालन किया जा रहा है, क्योंकि यह वित्त वर्ष के अंत में कम्पनी की सत्य तथा स्पष्ट छवि एवं उस अवधि में कम्पनी के लाभ अथवा हानि को यथार्थ रूप में प्रस्तुत करते हैं।
- इस अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार कम्पनी की परिसम्पत्तियों की सुरक्षा करने तथा जालसाजी व अन्य अनियमितताओं को रोकने व उनका पता लगाने के लिए लेखा रिकार्डों का उचित एवं पर्याप्त ध्यान रखा गया है।
- वार्षिक लेखों को निरन्तरता आधार पर तैयार किया गया है।
- निदेशकों द्वारा लागू किये गये सभी कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिये उचित सिस्टम तैयार की गई है तथा इस तरह की व्यवस्था पर्याप्त और प्रभावी ढ़ंग से काम कर रही है।

निगमित सामाजिक दायित्व (Corporate Social Responsibility)

वर्ष के दौरान, कम्पनी ने निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पर आवश्यक राशि के तहत 1.44 करोड़ रूपये (गत अवधि के लिए 0.23 करोड़ रुपये सहित) (गत अवधि के लिए 1.91 करोड़ रुपये) अर्थात; वित्तीय वर्षों के गत तीन वर्षों का अनुमानित 2% अर्थात कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनुसार 1.21 करोड़ रूपये (गत वर्ष 1.08 करोड़ रूपये) खर्च किये हैं।

कंपनी के पास कोई सीएसआर फंड अकाउंट सुरक्षित नहीं है।

आंतरिक लेखा परीक्षक (Internal Auditors)

वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए कंपनी के समवर्ती एवं आंतरिक लेखा परीक्षकों के रूप में मैसर्स प्रेम गुप्ता एण्ड कम्पनी, सनदी लेखाकार को 2,40,000/– रूपये किराया तथा लागू सेवा–कर सहित शुल्क राशि पर नियुक्त किया गया है। यह उनकी नियुक्ति का प्रथम वर्ष है।

लेखा परीक्षक एवं लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सांविधिक लेखा परीक्षक (Statutory Auditors)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए मैसर्स एल.सी. कैलाश एण्ड एसोसोसिएट्स, सनदी लेखाकार, नई दिल्ली को कम्पनी का सांविधिक लेखा परीक्षक नियुक्त किया है। इसके लिए उन्हें वर्ष 2017–18 वित्तीय वर्ष के लिए 10,00,000/– रूपये (दस लाख रूपये मात्र) प्रदत्त पारिश्रमिक दिया जा रहा है जिसमें कर अतिरिक्त है। यह उनकी नियुक्ति का तीसरा वर्ष है।

सांविधिक ऑडिट (Statutory Audit)

सांविधिक लेखाकार की 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष में कंपनी सचिव मैसर्स प्रवीण रस्तोगी एंड कंपनी की रिपोर्ट निदेशक रिपोर्ट के परिशिष्ट के अनुलग्नक–IV में संलग्न है।

लागत लेखांकन (Cost Audit)

जैसा कि कंपनी (लागत रिकार्ड और लेखापरीक्षा) नियमावली, 2014 के तहत निर्धारित है, आपकी कंपनी में लागत लेखांकन रिकार्ड लागू नहीं होते हैं।

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में टिप्पणियों के लिये प्रबंधन के उत्तर अनुलग्नक–V में निदेशकों की रिपोर्ट के परिशिष्ट के रूप में रखे गये हैं।

सी.ए.जी. (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक – CAG) की टिप्पणियॉ अभी तक प्राप्त नहीं हुई है।

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, प्रतिषेध और निवारण (Prevention, Prohibition and Redressal of Sexual Harassment of Women at Workplace)

कंपनी ने बोर्ड की अगली बैठक में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न की रोकथाम, प्रतिषेध, प्रतिषेध और निवारण संबंधी एक नीति अनुमोदनार्थ रखने का प्रस्ताव किया है। हालांकि, वर्ष 2017–18 के दौरान यौन उत्पीड़न की कोई शिकायत नहीं मिली थी।

सामान्य (General)

निदेशकों ने कहा कि निम्नलिखित मदों के संबंध में किसी भी प्रकटीकरण या रिपोर्टिंग की आवश्यकता नहीं है क्योंकि वर्ष के तहत इन वस्तुओं पर कोई लेन–देन नहीं किया गया था :–

1. किसी भी भौतिक परिवर्तन और प्रतिबद्धता ने कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित नहीं किया है, वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद यह वित्तीय विवरण इस रिपोर्ट की तारीख से संबंधित है।
2. कंपनी समय–समय पर आई.सी.एस.आई. द्वारा जारी सचिवीय मानकों का अनुपालन करती है।

अभिस्वीकृति (Acknowledgment)

कम्पनी के निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, विदेश मंत्रालय तथा अन्य मंत्रालयों एवं सरकारी विभागों के आभारी हैं जिनसे निरन्तर सहायता एवं सहयोग, समर्थन तथा मार्गदर्शन मिलता रहा है। हम अपने प्रतिष्ठित ग्राहकों के भी कृतज्ञ हैं जिन्होंने कंपनी के सामर्थ्य और उसकी व्यावसायिक सक्षमता के प्रति अपना विश्वास दिखाया है।

कम्पनी के निदेशक, लोक उद्यम विभाग, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, अध्यक्ष एवं ऑडिट बोर्ड के सदस्य, सांविधिक लेखाकारों, आंतरिक लेखाकारों तथा कंपनी के बैंकरों के प्रति भी अपना आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने अपना बहुमूल्य सहयोग दिया।

कम्पनी के निदेशक अपने सम्मानित बैंकरों तथा अन्य संगठनों सहित व्यक्ति विशेष का आभार व्यक्त करते हैं जिन्का उन्हें निरन्तर मार्गदर्शन एवं सहयोग मिलता रहा है।

निदेशक मण्डल ने कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा सभी स्तरों पर निष्ठा–पूर्वक कार्य करने एवं कड़ी मेहनत और समर्पित भावना से कार्य करने की प्रशंसा की है जिनकी बदौलत कम्पनी श्रेष्ठ एवं निरंतर वृद्धि कर रही है।

निदेशक मण्डल के लिए
और उनकी ओर से

हस्ता./–
ज्ञानेश पाण्डेय
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डी आई एन : 03555957

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28.12.2018

अनुलग्नक – I

(निदेशक मंडल की रिपोर्ट का परिशिष्ट)

वर्तमान में चल रही परामर्शदायी परियोजनाओं का विवरण

क. वास्तुशिल्पीय योजना, डिजाइन इंजीनियरिंग तथा परियोजना प्रबंधन सेवायें

एनसीआई, झज्जर

- निम्हास (NIMHANS) बैंगलूरू में अति–विशिष्ठ मनोचिकित्सक ब्लॉक तथा कॉमन लेबोरेट्री कम्पलैक्स का निर्माण
- शिलीगुड़ी में ई.एस.आई.सी. हेतु 100 बिस्तरों वाला अस्पताल
- मॉरिशस में ई.एन.टी. अस्पताल
- पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया हेतु द्वारका एवं तुगलकाबाद में हाउसिंग तथा गेस्ट–हाउस
- पटना में नाईट–शैल्टर तथा पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया हेतु गोवहाटी मेडिकल कॉलेज
- सी.डी.एस.सी.ओ. (CDSCO) – बद्दी में गेस्ट हाऊस
- एम्स (AIIMS) बर्न एवं प्लास्ट वार्ड
- डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली तथा पी.जी.आई.एम.ई.आर. (PGIMER) हेतु रिहायसी डास्टरों के लिये हॉस्टल ब्लॉक का निर्माण
- एम्स (AIIMS) कैम्पस, मस्जिद मौठ, नई दिल्ली में जराचिकित्सा (Geriatrics) ब्लॉक का निर्माण
- एम्स (AIIMS) नई दिल्ली में नया पेड–वार्ड
- एम्स (AIIMS) नई दिल्ली में होस्टल ब्लॉक
- एम्स (AIIMS) नई दिल्ली में मातृ एवं शिशु ब्लॉक
- एम्स (AIIMS) नई दिल्ली में नया ओ.पी.डी. ब्लॉक
- स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (PGIMER) का सेटेलाईट सेंटर, संगरूर ;ओ.पी.डी. तथा मुख्य कार्यद्ध
- राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (N R H M) – छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, केरला तथा हिमाचल प्रदेश

एम्स मदर एण्ड चाईल्ड ब्लॉक, नई दिल्ली

एमकेसीजी मेडिकल कालेज, बहरामपुर

सी एन सी आई, कोलकता

- आई.आई.टी. खड़गपुर हेतु 750 बिस्तरों वाले अस्पताल का निर्माण (फेस I – 400 बिस्तर)
- पी.एम.एस.एस.वाई. (PMSSY) के तहत, कोलकत्ता चिकित्सा महाविद्यालय (K M C) कोलकत्ता हेतु अति–विशिष्ट ब्लॉक, ओ.पी.डी. एवं शैक्षिक ब्लॉक का निर्माण
- एल.जी.बी.आर.आई.एम.एच. (L G B R I M H) तेजपुर का उन्नयन (मेन बिल्डिंग)
- क्षेत्रीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान (R I M S) इम्फाल में यू.जी. सीटों को 100 से 150 में बढ़ाने के लिये कार्यान्वयन
- पी.एम.एस.एस.वाई. (PMSSY) के तहत उन्नयन परियोजनाएं, फेस – III
  - रीवा – बहरामपुर – उदयपुर
  - ग्वालियर – पटियाला – बीकानेर
  - जबलपुर – बुरला – औरंगाबाद
  - विजयवाड़ा – डिब्रुगढ़ – झांसी
  - कोटा – गुवाहाटी – शिमला
  - इलाहाबाद – लातूर – पणजी (गोवा)
  - दार्जिलिंग

शासकीय मेडिकल कॉलेज–गोवा – पी.एम.एस.एस.वाई. फेज–III

- नागपुर, कल्याणी तथा गुँटूर में नया एम्स (AIIMS)
- मिजोरम चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, फालकॉन, मिजोरम (AIIMS)
- लोकोप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई क्षेत्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान (LGBRIMH), तेजपुर, असम
- पाली, राजस्थान में 100 इन्टेक मेडिकल कॉलेज
- लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज तथा संबंधित अस्पतालों का पुनर्विकास, नई दिल्ली
- लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज तथा संबंधित अस्पतालों का व्यापक पुनर्विकास, नई दिल्ली

ख. प्रापण प्रबंधन सेवाएं

- सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली के अति–विशिष्ट तथा आपातकालीन ब्लॉक हेतु चिकित्सा उपकरण
- कल्पना चावला सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, करनाल, हरियाणा हेतु चिकित्सा उपकरण
- अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (AIIA) सरिता विहार के लिए उपकरणों की खरीद
- एम्स रायबरेली के लिए चिकित्सा उपकरण – अस्थाई ओपीडी ब्लॉक
- एलजीबी क्षेत्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, असम, तेजपुर के लिए उपकरणों का प्रापण

एम्स गुंटूर

अनुलग्नक - II

(निदेशक मंडल की रिपोर्ट का परिशिष्ट)

कारपोरेट शासन रिपोर्ट

कम्पनी सिद्धांत

एक अच्छी कारपोरेट शासन नीति किसी भी कम्पनी के सुव्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण योगदान देती है, जो शेयरधारकों के मूल्यों व मैनेजमैंट में पारदर्शिता, नीति परख, जवाबदेही तथा साफ–सुथरे परिणामों को दर्शाने में ध्यान देते है। मैंनेमेंट का यह दायित्व होता है कि वह विर्निदिष्ट मामलों में जहां तक संभव हो विस्तृत रुप से तथ्यों को उपलब्ध करवाये।

क. अन्य कम्पनियों में बोर्ड के निदेशकों की श्रेणी सहित बोर्ड के निदेशकों का गठन

दिनांक 31.03.2018 से कम्पनी के बोर्ड निदेशकों में दो पूर्ण–कालिक तथा दो अंश–कालिक शासकीय निदेशक कार्यरत हैं, जिनका विवरण निम्नवत है :–

निदेशक	पूर्ण–कालिक / अंश–कालिक	अन्य कंपनियों के बोर्ड के सदस्य
श्री ज्ञानेश पाण्डेय	पूर्ण–कालिक, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	– शून्य –
श्री एस. के. जैन	निदेशक (इंजीनियरिंग)	– शून्य –
श्रीमती विजया श्रीवास्तव	अंश–कालिक, शासकीय निदेशक	– एच एल एल लाइफकेयर लि. – एच एल एल बायोटैक लि. – एच एल एल इन्फ्राटेक सर्विसेस लि.
श्री नवदीप रिनवा	अंश–कालिक, शासकीय निदेशक	– शून्य –

ख. कार्यकाल (Tenure)

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा अन्य पूर्ण–कालिक निदेशकों की आयु 60 वर्ष निर्धारित की गई है।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा अन्य पूर्ण–कालिक निदेशकों की नियुक्ति उनके कार्य–भार ग्रहण करने की तिथि से और उनकी अधिवर्षिता (Superannuation) की तिथि तक 5 वर्षों की होगी, या भारत सरकार की ओर से अगले आदेशकों तक, और जो भी घटनाक्रम से पहले आदेश प्राप्त होंगे।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का प्रतिनिधित्व सरकार द्वारा नामित सदस्यों के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से अलग होने की स्थिति में उनके बोर्ड की सदस्यता रद्द मानी जायेगी या भारत सरकार का अगला आदेश जो भी हो।

अंश–कालिक, अ–शासकीय निदेशक की नियुक्ति भारत सरकार की ओर से तीन वर्ष की अवधि तक की होगी।

ग. बोर्ड बैठकें (Board Meetings)

अप्रैल, 2017 से मार्च, 2018 के दौरान निदेशक मंडल की चार बैठकें (149वीं से 152वीं) 12.07.2017, 25.09.2017, 30.11.2017 और 27.03.2018 को आयोजित की गईं।

बैठकें एवं उपस्थिति (Meetings and Attendance)

निदेशक	कार्यकाल के दौरान बोर्ड की कितनी बैठकें आयोजित की गई	उपस्थिति	पिछली वार्षिक सामान्य बैठकों में उपस्थिति
श्री ज्ञानेश पाण्डेय	4	4	हां
श्रीमती विजया श्रीवास्तव	4	3	नहीं
श्री नवदीप रिनवा	4	4	हां
श्री एस. के. जैन	4	4	हां

घ. सामान्य निकाय बैठकें

वार्षिक सामान्य बैठक (Annual General Meeting)

गत 3 (तीन) वार्षिक सामान्य बैठकें निम्नानुसार आयोजित की गई हैं : –

वित्तीय वर्ष	दिनांक	समय	स्थान
2016–17	13.12.2017	शाम 05:00 बजे	कमेटी कमरा नम्बर 249, '' ए '' विंग, दूसरी मंजिल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली।
2015–16	29.11.2016	दोपहर 12:00 बजे	कमेटी कमरा नम्बर 155, '' ए '' विंग, पहली मंजिल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली
2014–15	02.11.2015	दोपहर 12:30 बजे	कमेटी कमरा नम्बर 155, '' ए '' विंग, पहली मंजिल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली

ङ. निदेशकों की शेयर–होल्डींग का प्रतिरूप

31.03.2018 के अनुसार कुल 1,80,01,400 इक्विटी शेयर पूंजी में से (100 प्रति शेयर के 1,80,01,400 इक्विटी शेयर) है।

निदेशक	एच एस सी सी के शेयरों की संख्या
श्री ज्ञानेश पाण्डेय, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	6
श्री नवदीप रिनवा, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	6
श्रीमती विजया श्रीवास्तव, एस.एस. एवं वित्तीय सलाहकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	6
श्री एस. के. जैन, निदेशक (इंजीनियरिंग)	6

इसके अतिरिक्त, इन शेयरों का आधिपत्य भारत के राष्ट्रपति की ओर से है।

च. शेयरधारक शिकायत निवारण समिति

यह कम्पनी पूर्णतया भारत सरकार के स्वामित्व में है तथा (जिसके शेयर पंजीकृत नहीं हैं), इसके शेयर महामहिम राष्ट्रपति एवं उनके नामितियों के पूर्णतया स्वामित्व में है, इसलिए कम्पनी ने कोई शेयरधारक शिकायत निवारण समिति गठित नहीं की है।

छ. ऑडिट समिति (Audit Committee)

ऑडिट समिति (Audit Committee) की संरचना निम्नवत दी गई है :–

1. श्रीमती विजया श्रीवास्तव, { विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय } – अध्यक्ष
2. श्री नवदीप रिनवा, { संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय } – सदस्य
3. श्री एस. के जैन, { निदेशक (इंजीनियरिंग), एचएससीसी } – सदस्य

अप्रैल, 2017 से मार्च, 2018 के दौरान ऑडिट समिति की (14वीं से 17वीं) चार बैठक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली में दिनांक 12.05.2017, 25.09.2017, 30.11.2017 तथा 27.03.2018 को आयोजित की गई है।

दिनांक 23.04.2018 के मंत्रालय के पत्र के अनुसार श्रीमति प्रीति पंत, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्थान पर श्री नवदीप रिनवा, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सदस्य नियुक्त कर लिया गया है। इसके अलावा, श्री एस. के. जैन, निदेशक (इंजीनियरिंग) को 16.04.2018 को उनका कार्यकाल पूरा होने पर कार्यमुक्त किया गया है। दिनांक 12.06.2018 को आयोजित बोर्ड की 153वीं बोर्ड बैठक में नई ऑडिट समिति का गठन हुआ है। नई ऑडिट समिति के सदस्यों के नाम निम्नलिखित हैं :–

1. श्रीमती विजया श्रीवास्तव – अध्यक्ष
   { विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय }
2. सुश्री प्रीति पंत, – सदस्य
   { संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय }
3. श्री ज्ञानेश पाण्डेय, { सीएमडी, एचएससीसी } – सदस्य

बैठकें एवं उपस्थिति (Meeting And Attendance)

सदस्य	अपने कार्यकाल के दौरान आयोजित की गई ऑडिट बैठकों की संख्या	उपस्थिति
श्रीमती विजया श्रीवास्तव	4	4
श्री नवदीप रिनवा	4	4
श्री एस. के. जैन	4	4

ज. कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी और स्थिरता समिति
(Corporate Social Responsibility and Sustainability Committee)

कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी और स्थिरता समिति (Corporate Social Responsibility and Sustainability Committee) की संरचना निम्नलिखित दी गई है :–

1. श्रीमती विजया श्रीवास्तव, – अध्यक्ष
   { विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय }
2. श्री नवदीप रिनवा { संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय } – सदस्य
3. श्री एस. के. जैन { निदेशक (इंजी.), एचएससीसी } – सदस्य

अप्रैल, 2017 से मार्च, 2018 के दौरान कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) समिति की एक बैठक (छठी) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली में दिनांक 26.10.2017 को आयोजित की गई है।

दिनांक 23.04.2018 के मंत्रालय के पत्र के अनुसार श्रीमती प्रीति पंत, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्थान पर श्री नवदीप रिनवा, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सदस्य नियुक्त कर लिया गया है। इसके अलावा, श्री एस. के. जैन, निदेशक (इंजीनियरिंग) को 16.04.2018 को उनका कार्यकाल पूरा होने पर कार्यमुक्त किया गया है। दिनांक 12.06.2018 को आयोजित बोर्ड की 153वीं बोर्ड बैठक में कार्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) समिति का पुनर्गठन किया गया। कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) समिति के नए सदस्यों के नाम निम्नलिखित हैं :

1. श्रीमती विजया श्रीवास्तव, { विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय } – अध्यक्ष
2 श्रीमती प्रीति पंत { संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय } – सदस्य
3 श्री ज्ञानेश पाण्डेय { सीएमडी, एचएससीसी } – सदस्य

बैठकें एवं उपस्थिति (Meeting And Attendance)

सदस्य	अपने कार्यकाल के दौरान आयोजित की गई परिश्रमिक समिति बैठकों की संख्या	उपस्थिति
श्रीमती विजया श्रीवास्तव	1	1
श्री नवदीप रिनवा	1	1
श्री एस. के. जैन	1	1

पारिश्रमिक समिति

पारिश्रमिक समिति की संरचना निम्नलिखित दी गई है :–

1 श्रीमति विजया श्रीवास्तव (विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय) – सदस्य
2 श्री नवदीप रिनवा (संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय) – सदस्य

अप्रैल, 2017 से मार्च, 2018 के दौरान, पारिश्रमिक समिति की दो (पांचवीं एवं छठी) बैठक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली में दिनांक 27.03.2018 को आयोजित की गई है।

दिनांक 23.04.2018 के मंत्रालय के पत्र के अनुसार श्रीमती प्रीति पंत, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्थान पर श्री नवदीप रिनवा (संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय) को सदस्य नियुक्त कर लिया गया है। दिनांक 12.06.2018 को आयोजित बोर्ड की 153वीं बैठक में नई पारिश्रमिक समिति का पुनर्गठन हुआ है। पारिश्रमिक समिति के नए सदस्यों के नाम निम्नलिखित हैं :

1 श्रीमती विजया श्रीवास्तव (विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय) – अध्यक्ष

2 श्रीमती प्रीति पंत (संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय) – सदस्य

बैठकें एवं उपस्थिति (Meeting And Attendance)

सदस्य	अपने कार्यकाल के दौरान आयोजित की गई ऑडिट बैठकों की संख्या	उपस्थिति
श्रीमती विजया श्रीवास्तव	2	2
श्री नवदीप रिनवा	2	2

3 निदेशकों का पारिश्रमिक

एक सरकारी कम्पनी होने के नाते, भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत नियुक्त कम्पनी के कार्यवाहक निदेशकों एवं अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सहित की नियुक्ति के समय सरकार द्वारा जारी निबंधनों और शर्तों में उल्लिखित वेतनों को पहले ही सरकार द्वारा निश्चित किया गया है, उसी के अनुसार औद्योगिक वेतन महंगाई भत्ता (आई डी ए) दिया जाता है। कम्पनी नियमों के तहत भत्ते एवं अनुलब्धियां दी जाती हैं।

कम्पनी के अंश–कालिक निदेशकों को उनके बोर्ड निदेशक खाते से काई पारिश्रमिक नहीं दिया जाता लेकिन शासकीय कार्यकारी होने के लिए सरकार से उन्हें पारिश्रमिक मिलता है।

अंश–कालिक अशासकीय निदेशक कम्पनी से कोई बैठक भत्ता नहीं लेते हैं, अप्रैल, 2015 से बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा अनुमोदित किये गये पारिश्रमिक अनुसार कम्पनी के अंश–कालिक अशासकीय निदेशकों को कम्पनी की प्रत्येक बैठक में उपस्थिति हेतु 5,000/– रूपये बैठक फीस दी जाती रही है।

वर्ष के दौरान, कम्पनी ने किसी भी अ–शासकीय अंश–कालिक निदेशकों को कोई भी बैठक शुल्क भुगतान नहीं किया है।

झ. प्रकटीकरण

पूरी अवधि के दौरान, कम्पनी की पार्टियों के साथ लेन–देन एवं व्यापार के संदर्भ में कोई विरोधाभाष नहीं जो कम्पनी के निदेशकों तथा प्रबंधन को प्रभावित करें। इसके अतिरिक्त, कंपनी की अन्य कोई सहायक कम्पनी नहीं है।

अनुलग्नक - III

(निदेशक मंडल की रिपोर्ट का परिशिष्ट)

प्रबंधन परिचर्चा एवं विश्लेषण रिपोर्ट

उद्योग की संरचना एवं विकास

एच एस सी सी की स्थापना सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम के रूप में मार्च, 1983 में की गई थी जिसका प्रशासनिक नियंत्रण स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन है। प्रत्येक 8259 रुपये की दर से प्रत्येक 100/– रूपये के 60,004 इक्विटी शेयरों की वापस खरीद (कुल वापस खरीद– 4955.73 लाख रुपये) के परिणामस्वरूप, कंपनी की शेयर पूंजी 180 लाख रु. और निवल आय 17203 लाख रू. है। कम्पनी की स्थापना के बाद से अब तक कम्पनी ने अपना पूरा कारोबार बिना किसी सरकारी मदद या अन्य किसी स्रोत से किया है। सितम्बर, 1999 में एच एस सी सी को '' मिनी रत्न '' कम्पनी घोषित किया गया है तथा दिसम्बर 2015 में 'मिनी रत्न–श्रेणी–I कंपनी का दर्जा हासिल किया है।

